





# मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए आयोजित किए जाएंगे शिविर

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने निर्देश दिए हैं कि वनाधिकार के लंबित दावों के निराकरण में प्रगति लाने के लिए समस्त एसडीएम एसडीओ-फारेस्ट, बीटगार्ड, रेंजर और सीईओ जनपद, सचिव, तहसीलदार के साथ साप्ताहिक बैठक आवश्यक रूप से आयोजित करें। उन्होंने कहा कि ग्राम वनाधिकार समिति स्तर पर लंबित दावों की जांच कर उपखंड स्तरीय समिति को प्राप्त हो जाना चाहिए और अपात्र दावों को शीघ्रता से नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ये निर्देश आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक में दिए।





कलेक्टर ने संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत समस्त नगरीय निकायों और पंचायतों में कंट्रोल रूम स्थापित कर क्रियाशील करने के निर्देश दिए, जिनके माध्यम से संबंधित नोडल अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी मिल सके। उन्होंने अभियान के अंतर्गत हितग्राहियों को सेवालाभ देने के लिए शिविरों का आयोजन किया जाए तथा सभी निकायों में मेगाशिविर के आयोजन की भी तैयारी हो। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस पर प्रभारी मंत्री श्री विश्वास सारंग द्वारा अभियान की समीक्षा की जाएगी, अत: सभी विभाग आवेदन प्राप्त करने और निराकरण करने पर ध्यान दें। उन्होंने अभियान के लिए डीएटीसीसी श्री नीरज अमझरे कृत निमाड़ी गीत की सीडी का भी विमोचन किया। कलेक्टर ने नगरीय निकायों और पंचायतों द्वारा शुद्ध पेयजल प्रदाय की समीक्षा कर निर्देश दिए कि क्लोरिनेशन और जल परीक्षण का कार्य सतत जारी रहे। उन्होंने जलकर दीदियों को जल परीक्षण कार्य में प्रशिक्षित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी की टंकियों की सफाई दिनांक तथा आगामी प्रस्तावित सफाई दिनांक टंकी के पिलर पर पेंट से अंकित की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि शहरी क्षेत्रों में आगामी दो सप्ताह में कुओं से पाइपलाइन में शिफ्टिंग कार्य पूरा कर लिया जाए। कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न विधानसभाओं में जारी नोटिस और सुनवाई की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुनरीक्षण की मंशा है कि किसी भी मतदाता को परेशानी न हो, यदि किसी मतदाता के पास दस्तावेज नहीं है तो समयावधि में दस्तावेज बनवा कर नाम कटने से रोके जाएं। उन्होंने कहा कि फार्म 6 के माध्यम से मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए शिविर आयोजित किए जाएं। नाम कटवाने के लिए प्राप्त फार्म 7 आवेदन का निराकरण सुनवाई की बाद ही किया जाए। उन्होंने 45 दिवस से अधिक लंबित सभी प्रकार के फार्म के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की भी समीक्षा की और सभी विभागों को निर्देश दिए कि 85 प्रतिशत प्रगति प्राप्त करें। कलेक्टर ने भू-अभिलेख सुधार के लंबित आवेदन, वनग्राम से राजस्व ग्राम संपरिवर्तन सहित अन्य भूमि आवंटन के प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने मातृत्व स्वास्थ्य के कारक, जनकल्याणकारी योजनाओं के टेंडर, निक्षय मित्र आहार किट, शिक्षा सरोकार अभियान अंतर्गत शालाओं की मरम्मत, ई-विकास प्रणाली अंतर्गत खाद वितरण, एक बगिया मां के नाम कार्यक्रम की प्रगति, जिला कार्यालयों में आंतरिक परिवाद समिति का गठन, इत्यादि की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौड़, सहायक कलेक्टर श्री जमादार फरहान इरफान, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर श्री अनिल जैन, एसडीएम श्री वीरेंद्र कटारे, अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ श्री राजेश शाक्य सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जबकि अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से जुड़े रहे।

# भारत एक शरीर है, तो हिंदू उसकी आत्मा : भारती दीदी

## हिंदू सम्मेलन में संस्कार, संस्कृति और हिंदू एकता का किया आह्वान

**खरगोन, निप्र।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शताब्दी वर्ष निमित्त शहर के जुलवानिया रोड़ औरंगपुरा में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। अंबेडकर बस्ती के तत्वाधान में आयोजित इस हिंदू समागम में सामाजिक समरसता का अलख जगाया गया। सम्मेलन से पूर्व विशाल कलश यात्रा भी निकाली गई, जिसमें बालिकाएं बस्ती कलश शिरोधार्य कर आयोजन स्थल पहुंची। आयोजन की विशेषता यह रही कि इसमें हर जाति- धर्म के लोगों ने सहभागिता निभाते हुए हिंदू एकता पर जोर दिया। संघ वक्ता भारती दीदी ने पंच परिवर्तन पर विचार रखते हुए मातृशक्ति को परिवार में कुटुम्ब भोज, पर्यावरण संरक्षण के लिए पॉलिथिन का उपयोग रोकने, कॉलोनी, बस्ती, मोहल्ले में परिवारों से संपर्क रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा यदि भारत एक शरीर है तो हिंदू उसकी आत्मा हैं। यह संबंध सनातन काल से चला आ रहा है। सम्मेलन में संत नयनदास महाराज ने सनातन धर्म के प्रति आस्था रखते हुए नियमित पूजन-अर्चन करने के साथ ही घर से निकलते समय तिलक लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के दौर में हम हमारी संस्कृति भूलते जा रहे है, इसलिए तीज-त्यौहारों पर धोती-कुर्ता व महिलाएं साड़ी पहनें। यह न केवल हमारी संस्कृति बल्कि सुख-समृद्धि के लिए भी जरुरी है। अतिथि सोमेश कुशवाह ने हिंदू सम्मेलन में समाज, संस्कृति, पर्यावरण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर अपने विचार रखें। संचालन कर रहे अशोक कर्मा ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर समरस, स्वाभिमानी और कर्तव्यनिष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता रही।






# जैन तीर्थ क्षेत्र में बसाहट पर जताई आपत्ति, जैन समाज ने मौन रैली निकाल की पट्टा वितरण रोकने की मांग

**खरगोन, निप्र।** प्रदेश के देवास जिले के मातमोर में जैन समाज के तीर्थ क्षेत्र श्री ऋषत्रिभुवनभानु पार्श्वनार्थ- श्री मणिभद्रवीर जैन तीर्थ क्षेत्र में शासन स्तर पर पट्टे वितरण कर बसाहट की हो रही तैयारियों पर जैन समाज ने आपत्ति दर्ज कराई है। इस बसाहट से क्षेत्र की पवित्रता, सुरक्षा और संरक्षण को खतरा बताते हुए पट्टा वितरण पर रोक लगाने की मांग की है। सोमवार को बड़ी संख्या में जैन समाजजन जैन प्रबुद्ध मंच ट्रस्ट के बैनर तले एसडीएम कार्यालय पहुंचे। मौन रैली के रुप में पहुंचे समाजजनों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पट्टा वितरण प्रक्रिया रोकने की मांग की। समाज के वरिष्ठ विनोद जैन एवं ट्रस्ट के शैलेश जैन आदि ने बताया पवित्र क्षेत्र में अवैध पट्टा वितरण हो रहा है। अवैध कब्जे बढने की वजह से वहां मांस मदिरा विक्रय होने से क्षेत्र की पवित्रता भंग होगी। भारतीय जनता पार्टी सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए जानी जाती है। साथ ही जैन संत त्याग, तपस्या और सामाजिक योगदान के प्रति आदर भाव रखती है। उनसे आशीर्वाद लेकर जैन तीर्थ के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। यह तीर्थक्षेत्र चातुर्मास के लिए असुरक्षित होता जा रहा है। समाजजन ने ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने तीर्थ क्षेत्र में 5 हजार पौधारोपण का संकल्प लिया था, इसे पूरा किया जाए। इसके साथ ही क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की। इस दौरान आशीष संचेती, विवेक जैन, पलाश जैन, ऋतुराज जैन सहित कई समाज प्रतिनिधि मौजूद थे। श्री मणिभद्रवीर जैन तीर्थ मध्य प्रदेश का एक प्राचीन ऐतिहासिक एवं पवित्र तीर्थ स्थल है या न केवल जैन समाज की आस्था का केंद्र है, बल्कि मध्य प्रदेश की धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर भी है पूज्य आचार्य श्री विजय वीर रत्न सुरीशवारजी महाराज ने लगभग 290 मंदिरों एवं उपाश्रय में से 11 प्रमुख तीर्थ में मातमौर महत्वपूर्ण तीर्थ का विशेष स्थान है।



# सकारात्मक बुद्धि विवेक को जन्म देती है : राधे चैतन्य जी

**बिस्टान, निप्र।** संत सेवालाल सेवा समिति व अखिल भारतीय चैतन्य साधक परिवार नव टांडा के तत्वावधान में ग्राम कसारपुरा बन्हेर में कथा के पांचवें दिन श्री राधे चैतन्य जी महाराज ने भागवत कथा का शुभारंभ श्री कृष्ण मधुराष्टकं के साथ किया। आपने कथा के माध्यम से मानव समुदाय को अपनी बुद्धि को सकारात्मक रखने की सीख के साथ कुमति सुमति सबके उर रहही चौपाई अनुसार लंका में रावण के पास धन राज्य एवं पतिव्रता स्त्री होने के बावजूद कुमति के कारण ईश्वर का शत्रु होकर अपयश के साथ मृत्यु को प्राप्त हुए वही विभीषण जी केवल सुमति के कारण हनुमान जी के सहारे राम जी से मिले और लंका के राजा होने का सौभाग्य प्राप्त किया। जो दूसरों को यश दे वह यशोदा जो दूसरों को यश दे सम्मान दे उसके घर ईश्वर पुत्र बनकर आ जाते हैं। पूतना की बुद्धि में ईश्वर से मिलने पर प्रेम और ममता नहीं होने से उसका दूध भी जहर हो गया, इसलिए बुद्धि को विकृत होने से बचाना चाहिए। दिल की आवाज़ ईश्वर के द्वार तक जरूर जाती हैं इसलिए परम पूज्य लक्ष्मण चैतन्य बापूजी को मंदिर में पुजारी के द्वारा रोकने पर बापू जी ने मंदिर शिखर दर्शन कर ईश्वर से प्रार्थना की भाव के भूखे ईश्वर ने मंदिर के पुजारी को बाहर खड़े बापूजी को मंदिर के बाहर आकर प्रणाम कर मंदिर में ईश्वर के दर्शन करवाए। आज की कथा में श्री कृष्ण जी के बाल सखाओं की माखन चोरों की टोली के साथ माखन से भरी मटकी तोड़ माखन चोरी की लीला का मंचन किया। कथा में यशोदा मैया बधाई दे दे बधाई एवं आया बिरज का बांका संभाल तेरी गगरी रे भजन पर कथा पंडाल में सारे भक्त गण झूम उठे। कथा के पूर्व नव टांडा के ग्राम दामखेड़ा में प्रभातफेरी का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम के सभी लोगों ने भाग लिया।बाबा जी के स्वागत में स्वागत द्वार लगाएं गए। घरट्ठ घर , गलीट्ठगली को रंगोली एवं फूलों से सजाया गया। कथा में पधारे विभिन्न ग्रामों की अखिल भारतीय चैतन्य साधक समितियों ने संत श्री का स्वागत किया एवं नव टांडा समिति ने बाबा श्री को साफा बांध कर स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के समापन में आरती कर प्रसादी वितरण की गई। संध्या फेरी का आयोजन नव टांडा के ग्राम करीयापुरा में किया गया।जहां बाबा जी को फलों से तोलकर तुलादान किया गया।



# दो महिलाओं ने जेसीबी से चुराई थी बैटरी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**खरगोन, निप्र।** जेसीबी मशीन से जेसीबी चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की बैटरी भी जब्त की है। जैतापुर थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 17 जनवरी को कृष्णा कुंज कॉलोनी निवासी फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि खंडवा रोड पर खड़ी उनकी जेसीबी से 02 नग जेसीबी की बैटरी चोरी कर ली गई। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर आने जाने वाले सभी संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले। जानकारी एकत्रित करने पर संदिग्ध महिलाओं को चिन्हित किया गया। तलाश के दौरान मगरिया फाटे पर डेरा लगा कर रह अरुणा पति बबलू परिहार निवासी ग्राम नानाखेड़ा पंधाना जिला खंडवा हाल निवासी मगरिया फाटा खरगोन एवं दूसरी महिला ने अरुणा पति बाबुराम लोंगे निवासी ग्राम नानाखेड़ा पंधाना जिला खंडवा हाल निवासी मगरिया फाटा को अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने उक्त चोरी को करना स्वीकार किया। महिलाओं के कब्जे से 50 हजार रुपए मूल्य की बैटरी जब्त की है।



## एक नजर में

**प्रथम दिवस पर राष्ट्रसंत श्री ललितप्रभ सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को क्रोध संयम, क्षमा और सकारात्मक जीवन जीने की कला सिखाई**

# गुस्सा आए तो रुक जाओ, गलती हो तो झुक जाओ : राष्ट्रसंत ललितप्रभ सागर जी

नवभारत न्यूज

**सनावद, निप्र।** सकल जैन समाज के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय प्रवचनमाला के प्रथम दिवस पर राष्ट्रसंत श्री ललितप्रभ सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को क्रोध संयम, क्षमा और सकारात्मक जीवन जीने की कला सिखाई। महाराज जी ने कहा, 'क्रोध बाहर से नहीं आता, हम खुद अपने भीतर पैदा करते हैं। विवेक चला जाए तभी गुस्सा आता है। 'महाराज जी ने प्रवचन में जोर देकर कहा कि स्वर्ग उन्हीं के लिए है जो अपने गुस्से पर काबू रखते हैं और दूसरों की गलतियों को माफ कर देते हैं। उन्होंने व्यावहारिक संकल्प सुझाते हुए कहा— 'पहला संकल्प लो कि क्रोध नहीं करेंगे। गुस्से का बहाना मत ढूंढो, बल्कि गुस्सा न करने का बहाना ढूंढो।'

**क्रोध पर विजय के सरल सूत्र:-** महाराज जी ने क्रोध नियंत्रण के कुछ आसान नियम बताए: सुबह आंख खुलते ही गुस्सा न करें। घर से बाहर जाते या अंदर आते समय मुंह फुलाकर न आएं। भोजन, शयन या बातचीत के समय कभी क्रोध न करें। गुस्सा केवल सुधार के लिए जायज है, अन्यथा नहीं।



**क्षमा और मुस्कान की महिमा:-** महाराज जी ने क्षमा को सबसे बड़ा गुण बताते हुए कहा, 'एक 'सॉरी' कह देने से बड़े-बड़े विवाद खत्म हो जाते हैं।' उन्होंने मुस्कान पर जोर देते हुए दृष्टांत दिया— 'फोटो खिंचवाते समय 3-4 सेकंड मुस्कुराते हैं तो फोटो सुंदर आता है। यदि यही मुस्कान हमेशा चेहरे पर रहे तो जिंदगी कितनी सुंदर हो जाएगी!' उन्होंने सलाह दी—हमेशा मुस्कुराते रहें, जिससे भी बात करें मुस्कुराकर करें। मोबाइल पर बात करते समय भी गुस्सा न करें। भगवान उन्हीं से प्रेम करते हैं जो दूसरों के प्रति दयावान होते हैं। इससे पूर्व डॉ. मुनिश्री शांतिप्रिय सागर जी ने कहा कि परमात्मा ने सांसें दी हैं, इसलिए जीवन को आनंद से जिएं। 'संसार में सम्मान-अपमान दोनों हैं, विपत्ति आए तो आपत्ति न करें।' उन्होंने उदाहरण दिया— 'दूध फट जाए तो निराश वही होता है जो रसगुल्ला बनाना नहीं जानता।' मुनिश्री ने सम्यक दृष्टि पर बल देते हुए कहा— 'सही नजरिए से देखें तो दुख भी सुख लगेगा, गलत नजरिए से सुख भी दुख। ' कार्यक्रम में भागचंद जैन और अनिता जैन को उनकी सामाजिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। नगर अध्यक्ष अनिता जैन ने गुरुवंदना की, जबकि आभार भागचंद जैन ने व्यक्त किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष सुनीता इंदर बिर्ला, गिरधारी सोनी, आदित्य पंचोलिया, सौरभ जैन, केतन गेहलोत, रजनीश जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। यह प्रवचनमाला जैन समाज में क्रोध-क्षमा जैसे विषयों पर आत्म-सुधार का मजबूत संदेश दे रही है, जो आज के तनावपूर्ण जीवन में बेहद प्रासंगिक है।

## एक नजर में

### ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान अंतर्गत ग्राम मेनगांव में कार्यक्रम आयोजित



**खरगोन, निप्र।** ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान अंतर्गत ग्राम मेनगांव के पाटीदार धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला खरगोन के जिला समन्वयक विजय शर्मा के निर्देशन में विकास खण्ड खरगोन समन्वयक मोनिका नामदेव के सानिध्य में तथा सेक्टर क्रमांक 4 के परामर्शदाता गुंजन गडकरी के सुपरविजन में नवांकुर संस्था आर्वी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष रानी पाटीदार, कोषाध्यक्ष आर्वी पाटीदार, एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम मेनगांव के अध्यक्ष राजेंद्र पाटीदार, सरपंच प्रतिनिधि एवं पाटीदार समाज अध्यक्ष गजेंद्र पाटीदार एवं टीम द्वारा पर्यावरण संरक्षण के तहत धर्मशाला परिसर में पौधारोपण किया गया। इसके साथ ही श्रीमती रानी पाटीदार ने स्वच्छता, जल संरक्षण, नशामुक्ति, स्वास्थ्य पर संदेश देते हुए एवं भाजपा की केंद्र व मध्य प्रदेश शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर नारायण पाटीदार, सुमित पाटीदार, अनिल पाटीदार, अंकित पाटीदार, ममता पाटीदार, राधा पाटीदार, जयति पाटीदार, शिवकन्या पाटीदार, चेतना पाटीदार, रंजना पाटीदार, संरक्षक लखनलाल पगारे एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### गो : सम्मान आह्वान अभियान, नवग्रह मेले में लगाई प्रदर्शनी



**खरगोन, निप्र।** केंद्र सरकार और देश के सभी राज्यों की सरकारों से राष्ट्रीय भारतीय संस्कृति के हित में संविधान के दायरे में रहकर अहिंसक तरीके से गौमाता सेवा के लिए उचित अनुदान मिले, भारत से गौहत्या पूरी तरह समाप्त हो और गौमाता को राष्ट्र माता दर्जा दिलाने की मांग को लेकर देशभर में गो-सम्मान अभियान 27 अप्रैल से शुरु होगा। इस अभियान के निमित प्रचार-प्रसार अभियान की शुरुआत कर दी गई है। इसी कड़ी में शहर में भी गो-सम्मान अभियान के निमित्त श्री नवग्रह मेले में गो प्रदर्शनी की शुरुआत की गई। इस प्रदर्शनी की समारोहपूर्वक शुरुआत हुई। गोसेवक लोकेंद्र सेन ने बताया कि सम्पूर्ण देश में चल रहे गो सम्मान आह्वान अभियान को लेकर शाम 6 बजे गोमाता का पूजन और प्रदर्शनी में गोमाता का प्रवेश कर दिया है। प्रदर्शनी का उद्घाटन शिक्षक विष्णु दत्त तिवारी ने गोमाता का पूजन व आरती कर किया। गोमाता का पूजन पंडित सागर वोरे ने किया। इस दौरान गोसेवक सतीश राठौर, सचिन गुप्ता, मनोज कर्मा, राकेश अटोदे, ऋषि यादव, लोकेंद्र सेन आदि गौभक्त मौजूद रहे। श्री सेन ने बताया कि 27 अप्रैल को संतों के साथ मिलकर जिले में जितने भी तहसील मुख्यालय है, वहां तहसीलदार अथवा एसडीएम को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम प्रार्थना पत्र देंगे।

### अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद द्वारा जिला अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) की नियुक्ति

**गोगावा, निप्र।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद के मध्यप्रदेश संगठन मंत्री पुरुषोत्तम दीक्षित के प्रस्ताव पर तथा मध्यप्रदेश के अध्यक्ष अशोक राठौड़ की अनुशंसा से परिषद के राष्ट्रीय चेयरमेन एवं संस्थापक हृदय नारायण मिश्रा द्वारा वंदना यशवंत यादव, निवासी मछलगांव क्षेत्र क्रमांक 21 विधानसभा 184 कसरावद जिला खरगोन को खरगोन जिले के अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) के पद पर मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन परिषद के उद्देश्यों के अनुरूप महिला सशक्तिकरण, हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार तथा सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों को जिले में और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्रीमती यादव की सामाजिक सक्रियता, संगठनात्मक अनुभव एवं समर्पण को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। इस अवसर पर श्रीमती वंदना यशवंत यादव ने राष्ट्रीय चेयरमेन एवं संस्थापक श्री हृदय नारायण मिश्रा, मध्यप्रदेश अध्यक्ष श्री अशोक राठौड़ एवं संगठन मंत्री श्री पुरुषोत्तम दीक्षित , राजेंद्र जी यादव पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा कमल मालाकार जी एवं कसरावद विधानसभा के सभी पदाधिकारी नेता जी के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि परिषद द्वारा प्रदत्त विश्वास पर वे पूर्ण निष्ठा से कार्य करते हुए हिंदी भाषा के उत्थान एवं महिला प्रकोष्ठ को सशक्त बनाने हेतु सतत प्रयास करेंगी। नियुक्ति पर परिषद के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं शुभचिंतकों द्वारा उन्हें हार्दिक बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की गई।



### घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग पर कार्रवाई 5 होटलों से 9 सिलेंडर जब्त

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के आदेश और जिला आपूर्ति अधिकारी श्री एच.एस. मुवेल के निर्देशन में 19 जनवरी को खरगोन नगर के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की टीम ने जांच कर छापामार कार्यवाही की है। जांच के दौरान टीम द्वारा घरेलू गैस के दुरुपयोग पर नजर रखी गई, जिसमें होटलों द्वारा घरेलू गैस का दुरूपयोग करना पाया गया। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री मुवेल ने बताया कि टीम द्वारा 05 होटलों से कुल 9 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए, जिनका अनुमानित बाजार मूल्य 19,800 रुपये है। जांच के दौरान टीम ने इंडियन पिज्जा हाऊस टैगोर पार्क से 4 गैसे सिलेंडर, कैफे इन हब वृन्दावन कॉलोनी से 01, सी-3 चाय कॉफी चर्चा विश्वसखा नगर से 01, साक्षी चायनिज बिस्टान रोड से 01 एवं द पिज्जा वाईब्स बिस्टान रोड खरगोन से 2 सिलेंडर जब्त किए हैं। प्रतिष्ठानों के संचालकों के खिलाफ द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण विनियमन आदेश 2000 का उल्लंघन और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध होने से प्रकरण तैयार किए गए हैं। इस दौरान सहायक आपूर्ति अधिकारी राजेन्द्र सोलंकी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रीति राठौर, कार्यालय सहायक विनय साल्वे एवं विशाल कुशवाह उपस्थित रहे। जिला आपूर्ति अधिकारी ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग पर सतत कार्यवाही जारी रहेगी।

